30/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन **वंदे भारत ट्रेन** को हरी झंडी दिखाएंगे। **'मेक इन इंडिया'** और **आत्मनिर्भर भारत** के दृष्टिकोण को साकार करते हुए अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस से तीन मार्गों, मेरठ-लखनऊ, मदुरै-बेंगलुरु और चेन्नई-नागरकोइल पर कनेक्टिविटी में सुधार होगा। ये नई वंदे भारत ट्रेनें तीन राज्यों, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक में लोगों को यात्रा के विश्व स्तरीय साधन और सुविधा प्रदान करेंगी। इन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरूआत नियमित यात्रियों, पेशेवरों, व्यवसायियों और छात्र समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए रेल सेवा के एक नए मानक की शुरुआत करेगी।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के स्वदेशी आस्था एवं सांस्कृतिक समाज (IFCSAP) ने गत गुरुवार को उपमुख्यमंत्री चउना मैंन से मुलाकात कर अरुणाचल प्रदेश धर्म स्वतंत्रता अधिनियम (APFIR), उन्नीस सौ अट्ठहत्तर के शीघ्र कार्यान्वयन की अपनी मांग दोहराई, जिसमें कहा गया कि यह अधिनियम न केवल स्वदेशी लोगों की रक्षा करेगा बल्कि राज्य के "प्रत्येक धार्मिक अनुयायी" की भावनाओं की भी रक्षा करेगा। इस समाज द्वारा SJETA के तहत विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला गया और राज्य वासियों के कल्याण के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन में स्वदेशी मामलों के विभाग और स्वदेशी मामलों की परिषद को शामिल करने का सुझाव भी दिया गया।

इस बैठक में IFCSAP के अध्यक्ष द्वारा उपमुख्यमंत्री से प्रत्येक समुदाय के स्कूलों में गुरुकुल मॉडल का समर्थन और राज्य शिक्षा नीति में गुरुकुल मॉडल को शामिल करने का अनुरोध किया गया। उपमुख्यमंत्री ने सभी समुदाय-आधारित स्वदेशी आस्था संगठनों के बीच सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया ताकि सभी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत को भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित किया जा सकें।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडु ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट कर यह जानकारी साझाँ की कि गुवाहाटी से ईटानगर के लिए अब एलायंस एयर की सीधी उड़ानें गुवाहाटी से सप्ताह में 4 बार और ईटानगर से सप्ताह में 3 बार उपलब्ध हैं। उन्होंने आगे लिखा कि, क्षेत्रीय संपर्क में यह वृद्धि यात्रा को आसान बनाती है और अरुणाचल प्रदेश के विकास में सहायक होती है।

0000000000000000000

राज्य के शिक्षा मंत्री पीडी सोना ने आज प्रेस क्लब परिसर में नवनिर्मित अरुणाचल प्रेस क्लब लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री सोना ने पत्रकारों, विशेषकर युवा पत्रकारों से कहा कि वे शोध कार्य के लिए इस लाइब्रेरी का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश लिटरेरी सोसाइटी के अध्यक्ष पद्मश्री वाईडी थोंगची ने एपीसी को सुझाव दिया कि वे राज्य के शोध विभाग से संपर्क कर राज्य की संस्कृति, इतिहास और विविध विषयों पर प्रकाशित सभी पुस्तकों की एक प्रति एकत्र करें, जिसकी सहायता से पत्रकारों के काम में और निखार आ सकें।

0000000000000000000

असम के गुवाहाटी स्थित राष्ट्रीय सूअर अनुसंधान केंद्र ने आज कृषि विज्ञान केंद्र, तवांग के सहयोग से सामुदायिक भवन में जनजातीय उपयोजना के अंतर्गत एक दिवसीय अनुसंधान विस्तार किसान इंटरफेस बैठक और इनपुट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। और कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को एक हजार बैग पशु चारा और 250 मिल्क कैन वितरित किए गए। इस बैठक का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि और वितरण करना था और साथ ही आवश्यक्ता पड़ने पर चयनित किसानों को उनकी आर्थिक स्थिरता के लिए चारा उत्पादन और पशुपालन पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

0000000000000000000

7वीं तवांग जिला स्तरीय हांगपन दादा मेमोरियल ट्रॉफी अंडर-16 फुटबॉल और वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज तवांग जिले के एक स्टेडियम में संपन्न हुई। विजेता टीम अब अगले महीने नामसाई में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेगा।

0000000000000000000

तेजू में बांबूसा लाइब्रेरी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के एक हिस्से के रूप में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया और डी.डी.एस.ई. लोहित द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया। पुरस्कार वितरित करते हुए डी.डी.एस.ई. लोहित तुमंगाम न्योदू ने छात्र समुदाय के बीच पढ़ने की आदतों पर जोर दिया और विभिन्न गतिविधियों और अन्य एजेंसियों के साथ हाथ मिलाकर सरकारी स्कूल के छात्रों के बीच पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देने के लिए लाइब्रेरी के वरिष्ठ स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं की सराहना की है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के हिस्से के रूप में बांबूसा लाइब्रेरी द्वारा आयोजित मौखिक प्रश्नोत्तरी के 3 राउंड और लिखित प्रश्नोत्तरी के 1 राउंड में कुल 11 स्कूलों के कक्षा 7 से 12 तक के बयालीस छात्रों ने पुरस्कार प्राप्त किए।

0000000000000000000

हॉकी इंडिया ने घोषणा की है कि महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 इस साल 11 नवंबर से बिहार के राजगीर में शुरू होगी। हॉकी इंडिया और बिहार सरकार के संयुक्त प्रयास से यह आयोजन 11 नवंबर से 20 नवंबर के बीच राजगीर हॉकी स्टेडियम में होगा। एशियाई हॉकी महासंघ के अध्यक्ष दातो फुमियो ओगुरा ने घोषणा की है कि 8वीं महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी भारत में आयोजित की जाएगी। पिछले साल हॉकी झारखंड ने रांची में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी, जिसमें भारत चैंपियन बना था। गत चैंपियन भारत के अलावा मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड के इस टूर्नामेंट में भाग लेने की उम्मीद है।

0000000000000000000

पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारत की अवनि लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता।

000000000000000000000